11. विलोम शब्द

एक–दूसरे शब्द का उलटा अर्थ बताने वाले शब्द विलोम शब्द कहलाते हैं। विलोम शब्दों को विपरीत शब्द भी कहते हैं।

शिक्षण–संकेत

- ❖ शिक्षिक/शिक्षिका सर्वप्रथम पाठ पृष्ठ 49 पर दी गई विलोम शब्द को पारिभाषित करती पंक्तियाँ पढ़ें और बच्चों को विलोम शब्दों के बारे में बताएँ।
- ❖ पाठ पृष्ठ 49 पर दिए चित्रों को दिखाएँ तथा उदाहरणों की सहायता से खुश × उदास, दिन × रात, पका × कच्चा, अंदर × बाहर आदि विलोम शब्दों का परिचय करवाएँ।
- ❖ इन शब्दों को बुलवाते हुए उनसे रिक्त स्थान भी भरवाएँ।
- ❖ बच्चों को कुछ शब्द बोलें तथा उनसे उनका उलटा अर्थ बताने को कहें।
- ❖ पाठ पृष्ठ 50 पर दिए विलोम शब्दों को बच्चों से पढ़वाएँ।
- ❖ सभी बच्चों को पढ़ने का समुचित अवसर दें।
- ❖ वाक्य प्रयोग द्वारा भी विलोम शब्द समझाए जा सकते हैं।
- ❖ पाठ अभ्यास बच्चों से करवाएँ। यथासंभव सहायता भी करें।